हरिभूमि
# हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, शुक्रवार 20 मार्च 2026

12 सड़क निर्माण के बाद नहीं उठाई मिट्टी समाधान शिविर में पहुंचा मामला



12 बीमा क्लेम की मांग पर लघु सचिवालय पर किसानों का धरना



**खबर संक्षेप**

### महिला कॉलेज में नशा रोकथाम पर व्याख्यान

**हिसार।** राजकीय महिला महाविद्यालय के एंटी ड्रग्स सेल, मनोविज्ञान विभाग और राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट के संयुक्त तत्वावधान में नशा रोकथाम जागरूकता पर एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रख्यात मनोवैज्ञानिक डॉ. सुमन बेह्मानी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रणधीर सिंह द्वारा करते हुए अतिथि का स्वागत किया गया।

### बैंक ब्रांच ऑडिट पर आधारित सेमिनार 22 को

**हिसार।** सीए व सीए की पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों के प्रति समर्पित एनआईआरसी हिसार ब्रांच की ओर से 22 मार्च को बैंक ब्रांच ऑडिट पर सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के चौ. रणबीर सिंह ऑडिटोरियम में आयोजित होने वाले इस सेमिनार में सीए लोकेश गुप्ता व सीए संजीव सिवाच मुख्य वक्ता रहेंगे।

### ओशो ध्यान उपवन में ओशो संबोधि दिवस उत्सव 22 को

**हिसार।** ओशो ध्यान उपवन में 22 मार्च को ओशो संबोधि दिवस उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। प्रातः 8 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक चलने वाले इस उत्सव में विभिन्न सत्र रहेंगे और साधकों के लिए दोपहर को लंगर प्रसाद की व्यवस्था भी रहेगी। ओशो संबोधि दिवस उत्सव के आयोजक स्वामी संजय व मां सांची ने बताया कि सतगुरु ओशो ने ध्यान का महत्व समझाते हुए समस्त मानवता को ध्यान की सरल विधियों से रूबरू करवाया।

## घंटों लाइन में खड़े लोगों का फूटा गुस्सा, बुलानी पड़ी पुलिस

# सिलेंडर नहीं मिलने पर लोगों ने किया गैस एजेंसी पर हंगामा



कॉपी में करवाई गई बुकिंग दिखाता युवक।



हांसी। गैस एजेंसी कार्यालय पर गैस सिलेंडर के लिए लगी भीड़।

**लोग सुबह से ही एजेंसी पर पहुंच गए और लाइन में खड़े हुए दिखे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। हांसी

श्री काली देवी मंदिर के पास स्थित हनुमान गैस एजेंसी पर गुरुवार को उपभोक्ताओं ने गैस सिलेंडर नहीं मिलने पर जमकर हंगामा किया। घंटों लाइन में खड़े रहने के बावजूद गैस सिलेंडर नहीं मिलने से नाराज लोगों ने एजेंसी प्रबंधन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

बता दें कि काफी संख्या में उपभोक्ता गैस सिलेंडर लेने के लिए सुबह से ही एजेंसी पर पहुंच गए और अपनी बारी का इंतजार करते हुए वे लंबे समय तक लाइन में खड़े रहे। कई घंटों बाद भी सिलेंडर नहीं मिलने पर उनका धैर्य जवाब दे गया और उन्होंने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। एजेंसी कार्यालय पर स्थिति बिगड़ती देख एजेंसी संचालक ने पुलिस को बुलाया। मौके पर पहुंची पुलिस ने उपभोक्ताओं को समझाया और उनसे अपील की कि जिन गांवों में होम डिलीवरी की सुविधा उपलब्ध है, वहां के लोग एजेंसी पर भीड़ न करे।

### उपभोक्ताओं को खाली हाथ लौटना पड़ा

इस अवसर पर ढाणी कुंदनापुर से आए एक उपभोक्ता ने बताया कि उन्होंने काफी समय पहले गैस सिलेंडर लिया था और आज जब दोबारा लेने के लिए सुबह से एजेंसी कार्यालय के बाहर लाइन में खड़े रहने के बावजूद उन्हें गैस सिलेंडर नहीं मिला और बिना सिलेंडर खाली हाथ लौटना पड़ा। एक अन्य उपभोक्ता ने बताया की कि उसे कई दिन पहले सिलेंडर बुक कराने के बावजूद उन्हें आज भी बिना गैस सिलेंडर लौटना पड़ा।

### 100 सिलेंडरों की काटी पर्चियां

गैस एजेंसी प्रबंधन के अनुसार गुरुवार को 389 गैस सिलेंडर होम डिलीवरी के माध्यम से वितरित किए गए हैं, जबकि एजेंसी पर सिलेंडर लेने वाले करीब 100 सिलेंडरों की पर्चियां काटी गई हैं। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं द्वारा पैनिक बुकिंग के कारण अचानक भीड़ बढ़ गई। इसके अतिरिक्त जिन उपभोक्ताओं की गैस होम डिलीवरी के लिए भेजी गई थी, वे भी एजेंसी पर पहुंच रहे हैं, जिससे अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हुई। लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों की समझाइश के बाद स्थिति पर काबू पा लिया गया। हालांकि, उपभोक्ताओं में गैस आपूर्ति को लेकर नाराजगी अभी भी बनी हुई है।

### एलपीजी बुकिंग के नाम पर लगातार बढ़ रहा साइबर ठगी का जाल: एसपी



**हांसी।** पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने एलपीजी गैस बुकिंग के नाम पर बढ़ रहे साइबर ठगी के मामलों को लेकर आमजन के लिए एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में साइबर अपराधी लगातार नए-नए तरीके अपनाकर लोगों को अपने जाल में फंसा रहे हैं और विशेष रूप से एलपीजी बुकिंग को माध्यम बनाकर ठगी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि ठग आमतौर पर फास्ट एलपीजी बुकिंग, तुरंत सिलेंडर डिलीवरी या विशेष छूट जैसे आकर्षक ऑफर का लालच देकर लोगों को एसएमएस, व्हाट्सएप या सोशल मीडिया के माध्यम से फर्जी लिंक भेज रहे हैं। ये लिंक देखने में बिल्कुल असली गैस एजेंसी या कंपनी की वेबसाइट जैसे प्रतीत होते हैं, जिससे आम नागरिक आसानी से भ्रमित हो जाते हैं। और जैसे ही व्यक्ति इन लिंक पर क्लिक करता है, उसे एक नकली वेबसाइट पर ले जाया जाता है, जहां उससे एडवांस पेमेंट, युपीआई के माध्यम से भुगतान या बैंक से जुड़ी गोपनीय जानकारी मांगी जाती है। कई मामलों में ठग ओटीपी, युपीआई पिन या अन्य संवेदनशील जानकारी प्राप्त कर लेते हैं और उसके बाद संबंधित व्यक्ति के खाते से रुपये निकाल लेते हैं।

### घर में कई दिनों से गैस खत्म

इस अवसर जगदीश कॉलोनी निवासी एक बुजुर्ग महिला ने अपनी परेशानी साझा करते हुए बताया कि उनके घर में कई दिनों से गैस खत्म है और वे चूल्हे पर खाना बनाने को मजबूर हैं। उन्होंने बताया कि आज सुबह से लाइन में लगने के बावजूद उन्हें गैस सिलेंडर नहीं मिल पाया।

# छात्राओं को 'मुर्गा' बनाकर घुमाने पर मानवाधिकार आयोग सख्त, स्वतः संज्ञान

*'मुर्गा' सजा पर बवाल: हरियाणा मानवाधिकार आयोग ने मांगी रिपोर्ट*

- छात्राओं की गरिमा से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं : हरियाणा मानवाधिकार आयोग ने दिए सख्त निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶। चंडीगढ़

हरियाणा मानवाधिकार आयोग ने हिसार जिले के सरकारी विद्यालय में छात्राओं को कथित रूप से "मुर्गा" बनाकर स्कूल परिसर में घुमाने की घटना पर गंभीर संज्ञान लेते हुए स्वतः संज्ञान लिया है। यह मामला दिनांक 07.03.2026 को एक प्रमुख दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित रिपोर्ट के माध्यम से आयोग के संज्ञान में आया। प्रकाशित समाचार के अनुसार, सरकारी उच्च विद्यालय, गांव जगान, ब्लॉक अग्रोहा, जिला हिसार में छात्राओं को अपमानजनक दंड दिया गया। घटना से संबंधित तीन वीडियो सामने आए, जिन्हें जिला शिक्षा अधिकारी, हिसार के कार्यालय को ईमेल के माध्यम से भेजा गया। इन वीडियो के आधार पर आरोपों की गंभीरता को देखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जांच समिति गठित की गई है।

अध्यक्ष जस्टिस ललित बत्रा और दोनों सदस्यों कुलदीप जैन और दीप भाटिया को मिलाकर बने पूर्ण आयोग ने इस घटना को अत्यंत गंभीर मानते हुए कहा है कि यदि आरोप सत्य पाए जाते हैं, तो यह छात्राओं की गरिमा, सुरक्षा और मानसिक स्वास्थ्य के साथ गंभीर खिलवाड़ है। आयोग ने स्पष्ट किया कि विद्यालयों में अनुशासन के नाम पर किसी भी प्रकार का शारीरिक दंड या मानसिक उत्पीड़न स्वीकार्य नहीं है। छात्राओं को इस प्रकार सार्वजनिक रूप से अपमानित करना न केवल उनके मानवाधिकारों का उल्लंघन है, बल्कि यह "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" जैसे राष्ट्रीय अभियानों की भावना के भी विपरीत है।

### बच्चों के अधिकार

जस्टिस ललित बत्रा की अध्यक्षता वाले आयोग ने अपने आदेश में यह भी रेखांकित किया कि शैक्षणिक संस्थानों का दायित्व है कि वे बच्चों के लिए सुरक्षित, सम्मानजनक और संवेदनशील वातावरण सुनिश्चित करें। इस प्रकार की घटनाएं न केवल बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करती हैं, बल्कि शिक्षा के प्रति उनके विश्वास को भी कमजोर करती हैं। यह घटना अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार मानकों के तहत भी चिंता का विषय है। संयुक्त राष्ट्र बाल अधिकार अभिसमय के अनुसार बच्चों को किसी भी प्रकार की शारीरिक या मानसिक हिंसा, अपमान या अमानवीय व्यवहार से संरक्षण मिलना चाहिए। बालकों का निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 की धारा 17 स्पष्ट रूप से शारीरिक दंड और मानसिक उत्पीड़न पर प्रतिबंध लगाती है। वहीं किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 की धारा 75 बच्चों के प्रति क्रूरता को दंडनीय बनाती है तथा धारा 82 शारीरिक दंड को प्रतिबंधित करती है। यदि आरोप सत्य पाए जाते हैं, तो यह उपरोक्त प्रावधानों के अंतर्गत दंडनीय होंगे।

# जींद-हांसी सड़क मार्ग पर भैणी अमीरपुर के पास लगे गंदगी के ढेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नारनौंद

- पीडब्ल्यूडी विभाग अनजान, राहगीर परेशान

जींद-हांसी सड़क मार्ग पर गांव भैणी अमीरपुर से नारनौंद के बीच में अज्ञात लोगों ने सड़क के दोनों किनारों की तरफ कचरा डाला हुआ है। इसके कारण वहां से आवागमन करने वाले राहगीरों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही हैं। वही पीब्ल्यूडी विभाग को इस मामले कोई जानकारी नहीं है कि सड़क के किनारे किस हालत में हैं। जानकारी के अनुसार गांव भैणी अमीरपुर से नारनौंद के बीच अज्ञात लोगों ने सड़क के किनारों पर कचरा डाला हुआ है। इसकी बदबू के कारण सड़क पर आने जाने राहगीरों को परेशानी हो रही हैं। वही स्वच्छता अभियान को भी ठेंगा दिखाया जा रहा हैं। सड़क की सुंदरता तो खराब हो ही रही हैं। बारिश हुई तो सारा कचरा सड़क पर आ जाएगा। इसके कारण दुर्घटना घटने का भी भय बना रहेगा। राहगीरों ने सोशल मीडिया पर फोटो डाले उसके बाद भी विभाग की नींद नहीं खुली ओर कोई संज्ञान नहीं लिया गया। सड़क के किनारे पड़े कचरे में ज्यादा प्लास्टिक की वस्तुएं होने के कारण वहां पर लगे पेड़ों को भी हानि पहुंच सकती हैं।



**नारनौंद।** जींद-हांसी सड़क मार्ग पर गांव भैणी अमीरपुर के पास सड़क के किनारे लगे कूड़े के ढेर।

### नोटिस भेजकर कार्रवाई करेंगे

इस संबंध में पीडब्ल्यूडी विभाग के जेई नितिन ने बताया कि हमें कोई जानकारी नहीं है कि कचरा किसने डाला है। इसका पता लगाया जाएगा ओर उसको नोटिस भेजकर कार्रवाई की जाएगी, ये सरासर गलत है। लोगों को भी स्वच्छता का ध्यान रखना चाहिए।

# मांगें पूरी नहीं होने पर भड़की यूनियन

- उपमंडल अभियंता को दिया धरना-प्रदर्शन का नोटिस

**हिसार।** हरियाणा संयुक्त कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्करज यूनियन की जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी ब्रांच ने कर्मचारियों की मांगों का समाधान नहीं किए जाने को लेकर उपमंडल नंबर 4 के उपमंडल अभियंता को धरना-प्रदर्शन करने का नोटिस दिया है। ब्रांच प्रधान रमेश शर्मा व ब्रांच सचिव मनोज भांभू ने आरोप लगाया कि कर्मचारियों की मांगों का लेकर यूनियन कई बार लिखित व मौखिक रूप से उपमंडल अभियंता को अवगत करवा चुकी है, लेकिन अभी तक उपमंडल अभियंता ने कर्मचारियों की मांगों के समाधान की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया है। उपमंडल अभियंता कर्मचारियों के शिष्टमंडल को केवल गुमराह करने का प्रयास करते हैं और कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं। उन्होंने बताया कि अधिकारी के इस नकारात्मक रवैये को लेकर कर्मचारियों में रोष बढ़ता जा रहा है। इसको देखते हुए यूनियन ने 20 मार्च को उपमंडल अभियंता कार्यालय के समक्ष प्रातः 10 बजे से लेकर दोपहर दो बजे तक धरना-प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है, जिसको लेकर आज उपमंडल अभियंता को नोटिस दिया गया है।

## हर रोज एक सड़क या चौराहे की समुचित सफाई का कार्य निरंतर जारी रखें: डीसी

# 89 लाख से बन रहे आठ एस्पिरेशनल शौचालयों का निर्माण कार्य तेजी से पूरा करवाने के निर्देश

- डीसी नरवाल ने सफाई व्यवस्था को लेकर नप अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶। हांसी

उपायुक्त राहुल नरवाल ने नगर परिषद के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए प्रतिदिन शहर की कम से कम एक सड़क या एक चौराहे की विशेष रूप से सफाई सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने कहा कि स्वच्छता व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी। डीसी राहुल नरवाल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में शहर में चल रहे स्वच्छता कार्यों और विकास परियोजनाओं की समीक्षा की गई।



**हांसी।** मीटिंग में नगर परिषद अधिकारियों को संबोधित करते डीसी राहुल नरवाल।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर में 89 लाख रुपये की लागत से बनाए जा रहे 8 एस्पिरेशनल शौचालयों का निर्माण कार्य तेजी से पूरा किया जाए, ताकि नागरिकों को जल्द से जल्द बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सकें। नगर परिषद के अधिकारियों ने बताया कि हांसी शहर में हिसार चुंगी के निकट पार्क में, जाट धर्मशाला के निकट बीकानेर मिष्ठान भंडार के निकट, लाला हुकम चंद पार्क में बीडीपीओ कार्यालय के निकट ज्योतिबा फुले पार्क में तथा बल भवन परिसर में शौचालय निर्माण के लिए जगह चिन्हित की गई है। उन्होंने बताया कि कई शौचालयों का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। बहुत ही जल्द निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा।

### साफ-सफाई के विशेष अभियान नियमित रूप से चलाए जाएं

डीसी राहुल नरवाल ने कहा कि शौचालयों का निर्माण गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जाना अत्यंत आवश्यक है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि शहर के प्रमुख स्थानों पर साफ-सफाई के विशेष अभियान नियमित रूप से चलाए जाएं और कूड़ा उठान की व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जाए। डीसी ने बताया कि नगर परिषद के कार्यों की निरंतर समीक्षा के लिए प्रत्येक सोमवार और वीरवार को बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें संबंधित अधिकारियों से प्रगति रिपोर्ट ली जाएगी। बैठक में सेनेटरी इंस्पेक्टर संजय कुमार सहित नगर परिषद के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।



विशेषः विश्व गौरैया दिवस, 20 मार्च

# आओ बनें गौरैया के दोस्त

बच्चो, गौरैया एक छोटी-सी प्यारी चिड़िया है, जो कभी हर घर-आंगन में फुदकती देखी जाती थी। इसकी 'चीं..चीं' की आवाज बहुत भाती है। लेकिन कई कारणों से अब यह चिड़िया कम ही दिखती है। हम अपने छोटे-छोटे प्रयासों से नन्ही गौरैया को फिर से घर-आंगन की रौनक बना सकते हैं।

पक्षी जगत
शिखर चंद जैन


एआई इमेज

एक समय था, गौरैया 'चीं..चीं' करते हुए हर जगह दिखाई देती थी, लेकिन अब यह लुप्त सी हो गई है। आजकल बहुत कम नजर आती है। गौरैया बनी रहे, इनकी चहचहाट सुनाई देती रहे, इसके लिए लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए हर साल 20 मार्च को 'विश्व गौरैया दिवस' मनाया जाता है।

**ऐसे हुई विश्व गौरैया दिवस की शुरुआतः** वन्यजीवों के संरक्षण के लिए कार्य करने वाली भारतीय संस्था नेचर फॉरएवर सोसायटी के फाउंडर मोहम्मद दिलावर, गौरैया की घटती हुई संख्या से चिंतित हुए। वर्ष 2010 में उन्होंने फ्रांस की ईको-सिस एक्शन फाउंडेशन के साथ मिलकर 20 मार्च को विश्व गौरैया दिवस मनाने की शुरुआत की। शहरीकरण, मोबाइल रेडिएशन और कीटनाशकों के अधिक इस्तेमाल के कारण घटती गौरैया की आबादी के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना और गौरैया के संरक्षण को बढ़ावा देना ही इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य है।

**हमारी फ्रेंड जैसी गौरैयाः** पुराने समय में गौरैया घर के सदस्य जैसी हुआ करती थी। वह दादी की रसोई से दाना चुगती थी, आंगन में दादाजी के पास आकर बैठ जाती थी, छत पर अनाज सूखते तो गौरैया झुंड बनाकर आतीं, इधर-उधर फुदक-फुदक कर दाने चुगती रहतीं। बच्चो, सोचो जरा, गौरैया की ये हरकतें कितनी मनभावन होती होंगी! लेकिन आज हमारे घरों में पहले की तरह गौरैया नहीं आतीं, लुभावने दृश्य देखने को नहीं मिलते हैं।

**क्यों दूर हो गई गौरैयाः** बच्चो, हमारी प्यारी नन्ही दोस्त गौरैया की घटती संख्या और हमसे दूर होने के कई कारण हैं- जैसे-जैसे पेड़-पौधे कटने लगे, शहरीकरण होता गया, लोगों के रहन-सहन बदलने लगे, वैसे-वैसे हमारी ये नन्ही फ्रेंड हमसे दूर होती चली गई। अब घरों में झरोखे और रोशनदान नहीं होते, जहां गौरैया अपना घोंसला बना सके। अब ये बेचारी घरों में घुस तक नहीं सकती। एसी मशीनों की गर्म हवा और प्रदूषण ने इस नन्ही-सी जान का जीना मुश्किल कर दिया है।

हम अपने गार्डन, बालकनी में विदेशी शो पीस जैसे प्लांट लगाते हैं, जिनमें छोटे कीड़े नहीं होते। जबकि गौरैया के बच्चे हमारे देसी पेड़-पौधों पर पाए जाने वाले नन्हे कीड़ों को खाते है, जिससे उसे पोषण मिलता है। अब घरों में खेत से आने वाले गेहूं, चावल या अन्य अनाजों की जगह बंद पैकेट्स में रेडिमेड अनाज आते हैं, जिससे गौरैया को दाना मिलना बंद हो गया। इन सबके अलावा मोबाइल टावर्स से निकलने वाले रेडिएशन से भी गौरैया के जीवन को खतरा होता है।

**कैसे हो गौरैया की घर वापसीः** बच्चो, हम कुछ छोटे-छोटे प्रयासों से गौरैया को फिर से अपने घरों में बुला सकते हैं। आओ बच्चो, हम आज विश्व गौरैया दिवस के अवसर पर गौरैया के सच्चे दोस्त बनें और उसे वापस बुलाने के लिए कुछ छोटे-छोटे मगर प्रभावी कदम उठाएं।

**खोलो देसी चिड़िया ढाबाः** अपनी बालकनी या छत पर मिट्टी के एक बर्तन में साफ पानी और दूसरे बर्तन में बाजरा, कंगनी या टूटे हुए चावल रखो।

**बनाओ उसका अपार्टमेंटः** चिड़िया को छांव और आश्रय देना भी जरूरी है। आजकल बाजार में तरह-तरह के बर्ड हाउस, नेस्ट, बर्ड फीडर आदि मिलते हैं। तुम चाहो तो जूते के पुराने डिब्बे में एक छोटा छेद करके उसे किसी सुरक्षित और ऊंची जगह पर लटका सकते हो, गौरैया इसमें रह सकेगी। इस डिब्बे को तुम कलर पेपर से सजाकर और भी अट्रैक्टिव बना सकते हो।

**गौरैया के लिए हरियालीः** घर की खिड़की, बालकनी या छत पर गेंदा, चमेली या नीबू जैसे देसी पौधे लगाने चाहिए। इन पर आने वाले छोटे कीट गौरैया के बच्चों का पसंदीदा भोजन होते हैं।

**कीटनाशकों को 'नो' कहेंः** अपने पौधों पर जहरीले कीटनाशक का छिड़काव नहीं करना चाहिए। इससे गौरैया बीमार पड़ सकती है।

बच्चो, तुम्हारे इन छोटे-छोटे प्रयासों का बहुत ही सकारात्मक असर होगा। सोचो, कितना अच्छा लगेगा जब सुबह तुम्हारी नींद अलार्म से नहीं, बल्कि गौरैया की 'चीं-चीं' से खुलेगी! गौरैया को बचाने का मतलब सिर्फ एक पक्षी को बचाना नहीं है, बल्कि अपनी प्रकृति और खुशियों को भी बचाना है। *

## प्यारी और अनूठी गौरैया

बच्चो, गौरैया से जुड़े कुछ और भी रोचक तथ्य हैं, जो तुम्हें जरूर जानने चाहिए, जैसे-



**नहाने की शौकीनः** गौरैया को नहाना बहुत पसंद है। यह पानी में भी नहाती है और धूल में भी। यह जब धूल में मस्ती करती है तो इसे धूल-स्नान या डस्ट-बाथ कहते हैं।

**ईको-फ्रेंडलीः** यह छोटे-छोटे कीड़ों को खाकर हमारे पेड़-पौधों को बीमारियों से बचाती है।

कविता / राम नरेश 'उज्ज्वल'

## मेरे घर आती गौरैया



मेरे घर आती गौरैया
घर भर को भाती गौरैया।
तिनका-तिनका जोड़-जोड़ कर,
कागज-पत्तर तोड़-मोड़ कर,
बना लिया उसने अपना घर,
कितना प्यारा, कितना सुंदर,
आंगन में मां दाने रखती,
बीन-बीन खाती गौरैया।
मेरे घर आती गौरैया।।
जंगल झाड़ी में भी जाती,
ढूंढ़-ढूंढ़ कर दाने लाती,
भूखे बच्चे मुंह फैलाते,
अपनी मां से भोजन पाते,
अपने नन्हे बच्चे को भी,
कभी-कभी लाती गौरैया।
मेरे घर आती गौरैया।।
झुंड बनाकर उड़ती ऊंचे,
टहल घूम कर आती नीचे,
पानी पीती घर के नल से,
पता नहीं क्या कहती जल से,
चीं-चीं चूं-चूं दिन भर करती,
सबको बहलाती गौरैया।
मेरे घर आती गौरैया।।

विशेषः विश्व जल दिवस (22 मार्च)

बच्चो, तुम्हें जानकर अचरज होगा कि पृथ्वी पर उपलब्ध कुल जल का 2.5-3% हिस्सा ही ताजा जल है। विश्व मे एक देश ऐसा है, जहां ताजे पानी की सर्वाधिक उपलब्धता है। कौन-सा है वह देश और किन कारणों से वहां उपलब्ध है सर्वाधिक ताजा जल, जानो।

# इस देश में उपलब्ध है सर्वाधिक साफ-ताजा जल

यह भी जानो
नयनतारा


ताजे पानी की सबसे बड़ी झील-सुपीरियर लेक

बच्चो, जल के बिना किसी का भी जीवन संभव नहीं है। लेकिन हमारे लिए उपयोगी ताजा जल पृथ्वी पर बहुत सीमित मात्रा में ही उपलब्ध है। हमारी पृथ्वी पर उपलब्ध कुल जल राशि का बहुत थोड़ा सा हिस्सा ही ताजा जल है। यह ताजा जल नदियों, झीलों, ग्लेशियरों और जमीन के अंदर से मिलता है। सभी देशों के पास ताजे जल के सीमित स्रोत हैं। इसीलिए ताजे जल को बर्बाद करने से हम सभी को बचना चाहिए।


ह्यूरॉन लेक भी है कनाडा में ताजा पानी का स्रोत

**कम हो रहा ताजा पानीः** हालांकि पृथ्वी का तीन-चौथाई हिस्सा जल है, लेकिन इसका बहुत कम हिस्सा ही इस्तेमाल करने योग्य यानी ताजा पानी है। चिंताजनक बात यह है कि ताजे पानी की उपलब्धता दिनों-दिन कम होती जा रही है। इसकी कई वजहें हैं, जैसे- झीलों, नदियों से लेकर समुद्रों तक को प्रदूषित किया जा रहा है। लोग पानी को बहुत बर्बाद भी करते हैं।

**यहां है सर्वाधिक ताजा जलः** संयुक्त राष्ट्र एवं वर्ल्ड बैंक के डाटा के अनुसार संसार में जो कुल ताजा पानी है, उसका पांचवां हिस्सा यानी 20 प्रतिशत अकेले कनाडा देश में उपलब्ध है। अब तुम सोच रहे होगे कि अकेले कनाडा में इतना अधिक स्वच्छ जल कैसे उपलब्ध है? इसकी प्रमुख वजह है वहां बड़ी संख्या में मौजूद झीलें।

**मौजूद हैं कई बड़ी झीलेंः** कनाडा ताजा जल की दृष्टि से बहुत ही समृद्ध देश है। यहां 2 मिलियन से भी अधिक झीलें मौजूद हैं, जिनमें से अधिकतर हजारों साल पहले ग्लेशियरों के सिकुड़ने की वजह से बनी हैं। दुनिया की सबसे बड़ी ताजे पानी की झील सुपीरियर झील, कनाडा में ही स्थित है। विनिपेग झील भी कनाडा में स्वच्छ, ताजे पानी का एक बड़ा स्रोत है। इनके अलावा यहां ग्रेट बीयर लेक, ग्रेट स्लैव लेक, अथाबास्का लेक, ह्यूरॉन लेक जैसी कई लेक्स हैं, जो कनाडा को साफ-स्वच्छ ताजा जल की उपलब्धता की दृष्टि से समृद्ध बनाती हैं।

**भारत का स्थानः** दुनिया के अन्य देशों में ताजे पानी की उपलब्धता तो है, लेकिन यह कनाडा की तुलना में बहुत ही कम है। ताजे पानी की उपलब्धता के मामले में कनाडा के बाद ब्राजील, रूस, अमेरिका और चीन के बाद भारत का स्थान आता है। यानी अपने देश में भी ताजे जल के सीमित स्रोत हैं। इसलिए बच्चो, तुम स्वयं पानी की बर्बादी कभी मत करना और दूसरों को भी पानी बर्बाद न करने के लिए प्रेरित करो। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## अच्छी-प्यारी कहानियां



बच्चो, अभी कुछ ही समय पहले डॉ. नागेश पांडेय 'संजय' की बाल कहानियों की किताब 'चंद्रलोक की थुलथुल परी' छपकर आई है। इसमें कुल बारह कहानियां संकलित हैं। इन कहानियों में तुमको कहीं जानकारी मिलेगी तो कहीं सीख मिलेगी। लेकिन इनको ऐसे रोचक अंदाज में लिखा गया है कि पढ़ने में तुमको खूब मजा आएगा। पहली कहानी 'चंद्रलोक की थुलथुल परी' में तुमको यह पता चलेगा कि विभिन्न ग्रहों पर अलग-अलग गुरुत्वाकर्षण के कारण कैसे भार में अंतर महसूस होता है? जलवायु परिवर्तन कैसे मौसम के चक्र को बिगाड़ रहा है, इस विषय पर 'बिन मौसम' कहानी सचेत करती है। 'दाने दाने पर लिखा होता है खाने वाले का नाम' इस मुहावरे पर आधारित मजेदार कहानी है 'नाम नहीं'। इनके अलावा किताब में स्वतंत्रता दिवस, होली, दीपावली, नए साल और ईद जैसे त्योहारों पर केंद्रित कहानियां भी प्रेरित करने वाली हैं। अन्य कहानियां 'एकता में बल है', 'गर्मी की छुट्टियां', 'सारे जग से न्यारी मम्मी' भी बहुत अच्छी-प्यारी हैं। *

**किताबः** चंद्रलोक की थुलथुल परी, **लेखकः** डॉ. नागेश पांडेय 'संजय', **मूल्यः** 225 रुपए, **प्रकाशकः** न्यू वर्ल्ड पब्लिकेशन, नई दिल्ली

## हंसगुल्ले



चिंटू-मिंटू फुटबॉल मैच देख रहे थे।
**चिंटूः** अरे, इतने सारे लोग फुटबॉल को लात क्यों मार रहे हैं?
**मिंटूः** गोल करने के लिए।
**मिंटूः** लेकिन फुटबॉल तो पहले से ही गोल है। इसे और कितना गोल करेंगे?
-आशीष, रायपुर

**हिंदी टीचरः** 'मुंह में पानी आना' इस मुहावरे का वाक्य में प्रयोग करो।
**रोहनः** जैसे ही मैंने नल की टोंटी में मुंह लगाकर नल चालू किया, मेरे मुंह में पानी आ गया।
-करण, बिलासपुर

एक यात्री रेलगाड़ी से उतरा। उसने स्टेशन पर खड़े भोलू से पूछा, 'बेटा ये कौन-सा स्टेशन है?'
**भोलूः** अंकल, ये रेलवे स्टेशन है।
-कुसुम, भोपाल

## जीके क्विज-197

1. भारत का दूसरा पूर्ण साक्षर केंद्र शासित प्रदेश कौन बना है?
2. फीफा वर्ल्ड कप 2026 का आयोजन किन देशों में किया जाएगा?
3. अगले महीने किस पूर्वोत्तर राज्य में विधानसभा चुनाव होंगे?
4. हाल में 16 साल की उम्र में भारत के 94वें शतरंज ग्रैंड मास्टर कौन बने हैं?
5. सविनय अवज्ञा आंदोलन का नेतृत्व किसने किया था?
6. भारत में हरित क्रांति का जनक किसे माना जाता है?
7. विश्व रंगमंच दिवस कब मनाया जाता है?
8. पानी में हाइड्रोजन के अलावा कौन सा तत्व मौजूद होता है?
9. पेनिसिलीन की खोज किसने की थी?
10. लावणी किस राज्य का पारंपरिक लोकनृत्य है?



बच्चो, जीके क्विज-197 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-196 का उत्तर :** 1.तरनजीत सिंह संधू, 2.न्यूजीलैंड, 3.आरव डेंगला, 4. 22 मार्च, 5.सारनाथ, 6.थिंपू, 7.राजा राममोहन राय, 8.राज्य सभा, 9.मिल्खा सिंह, 10.शनि

**जीके क्विज-196 का सही उत्तर देने वाले :** शुभ-बिलासपुर, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, कुलमनी-ईमेल से, कबीर-हिसार, सुनीता-सीतापुर, नीटू-रायगढ़, कुसुम-भोपाल, अंकुश-रायपुर, हर्ष-रोहतक, दिव्या-बलौदा बाजार

कहानी



डॉ. मोहम्मद अरशद खान

नन्हे अरशान ने पहला रोजा रखा तो उसे लोगों ने मुबारकबाद के साथ तोहफे और पैसे भी दिए। अरशान को ईद के दिन ईदी के भी खूब पैसे मिले। लेकिन अभी उसे और पैसे चाहिए थे। पापा ने उसे डांटा, यह लालच सही नहीं है, इतने पैसे क्यों बटोर रहे हो? अरशान ने जब इसकी वजह बताई तो परिवार के लोग सन्न रह गए!

# अरशान की ईद

इस बार का रमजान अरशान के लिए खास था। उसने पहली बार रोजा रखा था। वह छोटा था, इसलिए अम्मी डर रही थीं। बारह-तेरह घंटे बिना कुछ खाए-पिए इबादत में लगे रहना बड़ों के लिए भी आसान नहीं था, और वह तो अभी आठ-नौ साल का बच्चा था। पर उसने ऐसी जिद ठानी कि मम्मी ने इजाजत दे दी। शाम को इफ्तार पार्टी हुई। रिश्तेदार, मुहल्ले के लोग और दोस्त-अहबाब आए। सबने अरशान को मुबारकबाद दी और पहला रोजा रखने की खुशी में तोहफे और पैसे दिए। अरशान की गुल्लक भर गई। उसे पहली बार इतने पैसे मिले थे, लेकिन वह खुश नहीं था। वह बार-बार नोटों को गिनता, उन्हें गुल्लक में तरतीब से जमाता और किसी चिंता में डूब जाता।

ईद का दिन आया तो परिवार के सब लोग नमाज पढ़ने गए। नमाज के बाद वे मेले में घूमे। मेले में खाने-पीने और खिलौनों की दुकानें लगी हुई थीं। अरशान को उसमें कोई रुचि नहीं थी। वह जल्दी से जल्दी घर पहुंचना चाहता था, ताकि सबसे अपनी ईदी वसूल सके। रास्ते में भीड़ थी। गाड़ी धीरे-धीरे चल रही थी। अरशान पूरे रास्ते बेचैन रहा। घर पहुंचते ही उसने दादा-दादी और मम्मी-पापा से ईदी वसूल की और फिर अपनी बड़ी बहन आलिया के पास आया। उससे बोला, 'अप्पी, आप भी ईदी दीजिए न।' 'मैं!' आलिया हैरानी से बोली।

'सब बड़े अपने से छोटों को ईदी देते हैं न!' अरशान तुरंत बोला। पास बैठे दादा जी ने सुना तो वह हंसने लगे। आलिया के हाथ पर सौ का नोट रखते हुए बोले, 'बात तो अरशान सही कह रहा है। लो, तुम भी उसे ईदी दे दो।' 'लालची कहीं का।' बड़बड़ाते हुए आलिया ने बेमन से उसके हाथों में ईदी रख दी। थोड़ी देर बाद अस्थाना अंकल घर आए। वह पड़ोस में रहते हैं। उन्होंने दादा जी के पैर छुए और गले मिलकर ईद की बधाइयां दीं। फिर सिवइयां और पकवान खाने लगे।


एआई इमेज

तभी अरशान आया और बोला, 'अंकल, नमस्ते! आपने मुझे ईदी नहीं दी?' अरशान के इस व्यवहार से मम्मी-पापा असहज हो गए, लेकिन अस्थाना अंकल हंसते हुए बोले, 'नमस्ते बेटा, खुश रहो.. । मैं भी कितना गड़बड़ आदमी हूं। भर-भरकर सिवईं खाए जा रहा हूं और ईदी देना भूल ही गया।' यह कहकर उन्होंने पर्स से पैसे निकाले तो दो नोट बाहर आ गए। उन्होंने दो सौ का नोट पर्स के अंदर रखते हुए सौ का नोट अरशान की ओर बढ़ाया और बोले, 'लो भई, अपनी ईदी।'

'अंकल वो दो सौ वाला नोट दे दीजिए न।' अरशान इठलाता हुआ बोला।

पापा की भौंहें गुस्से से तन गईं। अस्थाना अंकल जोरदार ठहाका लगाते हुए बोले, 'लो भई, वह नोट भी रखो और यह भी। अब जाओ अपनी अप्पी को भी भेजो। वर्ना उसे ईदी देने दोबारा आना पड़ेगा और तुम्हें फिर से सिवईं खिलानी पड़ेगी।' कहकर वह जोरों से हंसे। अस्थाना अंकल के जाते ही पापा गुस्से से फट पड़े, 'यह क्या तरीका है। मेहमान से ऐसे बात की जाती है? अस्थाना जी की जगह कोई होता तो बुरा मान जाता।'

'आपको नहीं पता, पापा। ये जनाब मुहल्ले में घर-घर ईदी मांगकर आए हैं।' आलिया ने बताया। पापा का गुस्सा सातवें आसमान पर जा पहुंचा। दादा-दादी और अम्मी भी नाराजगी भरी निगाहों से उसकी ओर देखने लगे। पापा ने उसे खूब डांट पिलाई और बोले, 'अजब लालची बच्चा है। अभी रोजा कुशाई में ढेर सारे पैसे मिले हैं। अब ईदी समेटने पर जुटा है। पूरे मुहल्ले में हंसी उड़वा दी।'

पापा ने अरशान से गुल्लक मंगाकर पैसे गिने। गिनते-गिनते उनकी त्योरियां चढ़ गईं, 'पूरे अट्ठारह सौ पचास रुपए हैं। ये भी तुम्हें कम लग रहे हैं?' 'हां, अभी चार सौ रुपए कम हैं।' अरशान बुझी-सी आवाज में बोला। इस जवाब पर सब हैरानी से उसकी ओर देखने लगे। 'दरअसल.!' अरशान डरते-डरते बोला, 'मेरा एक क्लासमेट है शलभ। पिछले बरस उसके पापा नहीं रहे। स्कूल के खर्चों की वजह से मम्मी उसका नाम कटाना चाहती हैं। पर हम सब दोस्तों ने उन्हें मना लिया है। हमने तय किया है, कोई दोस्त किताबें खरीद कर देगा तो कोई कॉपियां और कोई स्कूल बैग। कोई ड्रेस लाकर देगा। मैं उसकी फीस जमा करने की सोच रहा हूं, लेकिन अभी इतने पैसे ही नहीं इकट्ठा हो पाए।' अरशान की बात सुनकर सब लोग सन्न रह गए। अचानक पापा को जाने क्या हुआ कि वे कड़क आवाज में बोले, 'लो, इन पैसों को गुल्लक में वापस रखो। इनसे किसी की फीस-वीस नहीं भरी जाएगी।' पापा की बात पर अरशान डर गया। दादा जी, मम्मी और आलिया का दिल भी धक से रह गया। तभी सबने पापा की ओर देखा तो उनके चेहरे पर मुस्कराहट खिली हुई थी। वह बोले, 'अरे भई! अब आगे से तुम्हारे दोस्त की पढ़ाई का सारा खर्चा मैं उठाऊंगा।' अरशान खुशी से चहक उठा। ईद तो हर बार आती थी, पर इस बार की ईद अरशान के लिए बहुत ज्यादा खुशियों भरी थी। *

कविता
सूर्यकुमार पांडेय


एआई इमेज

## ईद मुबारक

यह सुंदर त्योहार ईद का,
सब लोगों को ईद मुबारक!
आसमान में निकला चांद,
ईद मन रही उसके बाद।
हम सब बच्चे ईदी पाते,
मीठी-मीठी सेंवई खाते।
इस प्यारे दिन के क्या कहने?
नए-नए कपड़े सब पहने,
कहते सबसे, ईद मुबारक!
ईद मुबारक, ईद मुबारक!!
मस्जिद में सब पढ़ें नमाज,
हंसी-खुशी का दिन है आज।
जो भी मिलता गले लगाते,
रोजे के किस्से बतियाते।
हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई,
सब मिलकर दे रहे बधाई।
कहते हमसे, ईद मुबारक!
ईद मुबारक, ईद मुबारक!!

## अंतर बताओ


बच्चो, यहां ईद सेलिब्रेशन से जुड़े दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिखने वाले इन चित्रों में कुछ अंतर भी हैं। तुम तीन मिनट के अंदर इन चित्रों में पांच अंतर ढूंढ़ कर बताओ।




उत्तरः 1.दाईं तरफ [illegible] है। 2.बच्चे के हाथ में [illegible] का कलर बदला हुआ है। 3.बाईं तरफ [illegible] है। 4.टेबल पर रखे टिश्यू पेपर बॉक्स का कलर बदला हुआ है। 5.[illegible] बदला हुआ है।

## सही परछाई पहचानो

बच्चो, यहां नन्ही गौरैया का एक चित्र दिया गया है। साथ ही चार परछाइयां भी दी गई हैं। तुम चित्र और परछाइयों को ध्यान से देखकर बताओ कि गौरैया के चित्र की सही परछाई कौन-सी है?




उत्तरः B

## खबर संक्षेप

### बरवाला में रक्तदान शिविर व श्रद्धांजलि सभा 22 मार्च को

**बरवाला।** हरियाणा माटी कला बोर्ड के पूर्व चेयरमैन स्वर्गीय ईश्वर मालवाल की प्रथम पुण्यतिथि पर 22 मार्च रविवार को विशाल रक्तदान शिविर व श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। हरियाणा के लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा रक्तदान शिविर का शुभारंभ करेंगे। पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा ने बताया कि रक्तदान शिविर एवं श्रद्धांजलि सभा बरवाला स्थित कुम्हार धर्मशाला में सुबह 9 बजे से आयोजित की जाएगी।

### नगर निगम ने पकड़े 28 बेसहारा पशु

**हिसार।** नगर निगम द्वारा बेसहारा पशुओं को पकड़ने का अभियान लगातार जारी है। अभियान के नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि नगर निगम की टीम ने कैमेरी रोड, सेक्टर 16-17, शांति नगर, महाबीर कॉलोनी, सातरोड़, जिन्दल कॉलोनी, आजाद नगर से 28 बेसहारा पशुओं को पकड़ा। पकड़े गए सभी पशुओं को गोअभयारण्य भेज दिया गया है। इस दौरान एएसआई संदीप बिश्नोई व पुलिस विभाग की टीम भी मौजूद रही।

### नगर निगम ने खुले में कचरा डालने पर किए 4 के चालान

**हिसार।** स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ करते हुए नगर निगम की टीमों ने 4 लोगों के चालान किए। एएसआई राहुल सैनी, एएसआई राहुल पंवार व एएसआई रोहित ने खुले में कचरा डालने पर विवेक नगर में दो दुकानदारों के 5-5 हजार रुपये के चालान किए। एएसआई प्रवीण ने पटेल नगर में खुले कचरा डालने पर एक दुकानदार का 5 हजार का चालान किया। इसके अलावा कैंट क्षेत्र में एएसआई सन्नी ने एक दुकानदार द्वारा खुले में कचरा डालने पर उसका 5 हजार का चालान किया।

### पुलिस ने चोरी मामले में एक युवक को किया काबू

**नारनौंद।** पुलिस ने चोरी के एक मामले में कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपित युवक की पहचान अमर हेड़ी निवासी प्रवीण के रूप में हुई हैं। उप-निरीक्षक रामपाल ने बताया कि गांव बुडाना निवासी सतबीर ने थाना नारनौंद में शिकायत दर्ज करवाई कि उसकी तथा आस-पास के पड़ोसियों की सबमर्सिबल मोटरों की बिजली की तार किसी अज्ञात युवक ने चोरी कर ली है। पुलिस ने अज्ञात युवक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी।

### युवा क्लब के सदस्यों ने देखी विधानसभा की कार्रवाई

**आदमपुर।** सुभाष चंद्रा फाउडेशन फुटबाल टीम व युवा स्पोर्ट्स क्लब खासा महाजन द्वारा हरियाणा विधान सभा की चंडीगढ़ में बजट सत्र की कार्रवाई देखी गई। विधानसभा भवन की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि इसकी वास्तुकला और निर्माण से जुड़े पहलुओं के बारे में युवाओ ने जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर क्लब सदस्य सुभाष सेवटा, प्रताप सेवटा, बलवान कुलड़यि़ा, अभिषेक, विकास, साहिल, विश्वास, आर्यन आदि ने इसमें भाग लिया।

हरि नाम संकीर्तन में बब्बू भैय्या के भजनों पर घंटों तक झूमते रहे श्रद्धालु

# अरे मैं कैसे होरी खेलूंगी या सांवरियां के संग...


**हिसार।** हनुमान मंदिर बुधला संत स्थान सभा के प्रांगण में भजन गाते हुए बब्बू भैय्या व उपस्थित श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### हनुमान मंदिर बुधला संत स्थान का वार्षिक महोत्सव व हिंदू नववर्ष विक्रमी संवत धूमधाम से मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

ऋषि नगर स्थित हनुमान मंदिर बुधला संत स्थान के 70वें वार्षिक महोत्सव व हिंदू नववर्ष विक्रमी संवत 2083 के उपलक्ष्य में चल रहे त्रिदिवसीय महोत्सव के अंतिम दिन हरि नाम संकीर्तन में दिल्ली से आए भजन गायक बब्बू भैय्या ने अनेक भजन गाये जिन पर घंटों तक श्रद्धालु झूमते रहे। उनके गाए भजनों में हरे रामा हरे रामा हरे कृष्णा हरे कृष्णा..., प्रकट भये चारों भैय्या..., हमारे साथ हैं गुरुवर..., पायो री मैंने वृंदावन धन पायो..., अरे मैं कैसे होरी खेलूंगी या सांवरियां के संग... आदि शामिल रहे। मंदिर सभा के महासचिव सुभाष टीनू आहुजा ने बताया कि महोत्सव की शुरुआत प्रातः हवन से की गई। सैंकड़ों लोगों ने हवन में आहुतियां डाली। इसके बाद ध्वजारोहण किया गया। संकीर्तन में अतिथियों के रुप में केबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा, विधायक सावित्री जिंदल, समाजसेवी जगदीश जिंदल, मेयर प्रवीन पोपली, पूर्व मेयर शकुंतला राजलीवाला, पार्षद ज्योति भीम महाजन, पार्षद ज्योति सुनील वर्मा, सुभाष ढींगड़ा, वेद रावल, डॉ. रमेश भुटानी, शिवानी पाहुजा-कमल पाहुजा, देसराज चावला, राजू पाहवा व सतीश सेहरा उपस्थित रहे। सभी अतिथियों को पटका पहनाकर व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

#### 101 अखंड ज्योत प्रज्वलित

**हिसार।** सेक्टर 16-17 श्री श्याम मंदिर प्रांगण में चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर श्रद्धालु भक्तों द्वारा मां भगवती के चरणों में श्रद्धा एवं भक्ति के साथ जोत प्रज्वलित की गई। पुजारी जी ने मंत्रोच्चारण एवं विधि-विधान के साथ 101 जोत प्रचलित करवाई। सुबह से ही मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली और वातावरण माता के जयकारों एवं भक्ति भाव से सराबोर रहा। भक्तों ने नारियल व प्रसाद अर्पित कर माता रानी की आराधना कर अपने परिवार एवं समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर में आरती एवं पूजन का विशेष आयोजन किया गया, जिससे सम्पूर्ण वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत हो गया। इस अवसर पर मंदिर समिति के प्रधान दिनेश बिंदल, विनोद अग्रवाल, सुभाष बंसल, आशीष जैन एवं त्रिलोक बंसल एवं बड़ी संख्या में भक्त जन मौजूद रहे।

### नवरात्रि का त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीकः बजरंग गर्ग



**हिसार।** श्री प्रयागगिरी शिवालय मंदिर ट्रस्ट में चैत्र नवरात्रि पर माता दुर्गा जी की पूजा पर अखंड ज्योत संस्था के प्रधान बजरंग गर्ग ने जलाई। इसमें भारी संख्या में धर्म प्रेमियों ने अपनी-अपनी अलग अखंड ज्योत जलाई। संस्था के प्रधान बजरंग गर्ग ने संबोधित करते हुए कहा कि नवरात्रि के दौरान माता दुर्गा जी धरती लोक पर आकर भक्तों के कष्टों को दूर करती है। माता दुर्गा जी की पूजा करने से भक्तों के घर में सुख-शांति व खुशहाली बनी रहती है। शिवाल ट्रस्ट में हर रोज सुबह व शाम माता जी के पूजा का कार्यक्रम लगातार 9 दिन तक चलेगा और नौवे दिन दुर्गा माता जी की अलग-अलग अवतारों में पूजा होगी। नवरात्रि का त्यौहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। इस अवसर पर पवन रालवासिया, नारायण दास बंसल, कैलाश चौधरी, सुरेंद्र सिंगला, प्रवीण जैन, ओमप्रकाश असीजा, जगत नारायण, सत्येंद्र गोयल, रमेश पटवारी, प्रतीक एलाहाबादी आदि रहे।

### देश, धर्म और नारी की रक्षा के लिए झूठ बोलना भी उचित : सदानंद महाराज



**उकलाना।** श्री कृष्ण प्रणामी प्रमुख स्वामी सदानंद महाराज ने कहा कि देश की एकता, अखंडता, धर्म और नारी की रक्षा के लिए यदि झूठ बोलना पड़े या प्रतिज्ञा तोड़नी पड़े, तो वह भी उचित है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्य किसी के नुकसान के लिए नहीं, बल्कि जीवन और राष्ट्र की रक्षा के लिए होते हैं, जो हमारा कर्तव्य है। वे श्री कृष्ण प्रणामी आश्रम में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं को प्रवचनों दे रहे थे। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि यदि कोई सैनिक दुश्मनों के हाथ लग जाए और उससे देश की गोपनीय जानकारी पूछी जाए, तो सत्य बोलना देश के लिए हानिकारक हो सकता है। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष श्रीनिवास गोयल, जगदीश गोयल, श्याम सुंदर बंसल, सुगन गोयल, सतीश गोयल, सतनारायण बंसल, भीम गर्ग, सुशील सिंगला, अमित गोयल, रामकुमार आदि रहे।

## पूजन व दुर्गा सप्तशती पाठ के साथ मां संतोषी आश्रम में नवरात्र महोत्सव शुरू

- महामंडलेश्वर स्वामी संतोषी माता ने देवी की पूजा व आराधना करते हुए शुरू किया नौ दिवसीय नवरात्र महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार


**हिसार।** आद्यशक्ति पीठ मां संतोषी आश्रम में नवरात्र महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर पूजा व आराधना करते यजमान।

श्री आद्यशक्ति पीठ मां संतोषी आश्रम में पूरे विधि-विधान से देवी मां के पूजन व आराधना के साथ नौ दिवसीय नवरात्र महोत्सव का शुभारंभ किया गया। इस दौरान दुर्गा सप्तशती का पाठ करते हुए जनकल्याण की कामना भी की गई। मुख्य यजमान श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी संतोषी माता जी ने मंत्रोच्चारण के साथ नवरात्र महोत्सव प्रारंभ किया। इस दौरान गौतम अग्रवाल, सुभाष बंसल, सुशील बुड़ाकिया, मुकेश गर्ग, अशोक बंसल, राघव गोयल, राकेश गर्ग, मधुर गुप्ता, दीपक बजाज, रणबीर महेंद्रा व प्रेमलता गोयल यजमान के रूप में मौजूद रहे। हरिद्वार से पधारे वैदिक विद्वानों ने यजमानों को नियमानुसार पूरे श्रद्धा भाव से पूजा करवाई। उन्होंने बताया कि नौ दिवसीय नवरात्र महोत्सव महामंडलेश्वर स्वामी संतोषी माता जी के सान्निध्य में मनाया जा रहा है। इस दौरान प्रतिदिन श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा और श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक प्रवचन सुनने का भी अवसर मिलेगा।

## राम कथा के श्रवण से समाप्त होती है जीवन की हर पीड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

- नवरात्रों के उपलक्ष्य में गीता भवन में राम कथा शुरु


**हिसार।** गीता भवन में प्रवचन देते कथा व्यास कविता कान्त वाजपेयी।

आध्यात्मिक गीता ज्ञान प्रचारिणी सभा के संस्थापक ब्रह्मलीन डॉक्टर बृज मोहन फिदा जी महाराज के आशीर्वाद से रामपुरा मौहल्ला स्थित गीता भवन में चैत्र नवरात्रों के उपलक्ष में आज से संगीतमय राम कथा का आयोजन किया गया। कथा में प्रवचन देते हुए राय बरेली से आये कथा व्यास कविता कान्त वाजपेयी रामायणी ने कहा कि राम कथा के श्रवण से जीवन की व्यथा समाप्त होती है। राम कथा की विशेषता है कि श्रोताओं में नैतिक मूल्यों का संचार करना, आध्यात्मिक शांति प्रदान करना और बुराई पर अच्छाई की विजय को दर्शाना आदि प्रमुख है। राम का जीवन मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप में धर्म, सत्य और निष्ठा का पालन सिखाता है। राम कथा केवल एक कहानी नहीं, बल्कि आत्म-साक्षात्कार और भक्ति का मार्ग है जो एक आदर्श जीवन जीने के लिए प्रेरित करती है।

## प्रथम नवराते पर अखण्ड ज्योत प्रज्वलित

- हनुमान मंदिर मंडल ट्रस्ट में नवरात्र महोत्सव का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार


**हिसार।** हनुमान मंदिर, मोती बाजार में आरती करते मंदिर ट्रस्ट के प्रधान रमेश कुमार लोहिया व भक्तजन। फोटो : हरिभूमि

मां भगवती की असीम कृपा से हनुमान मंदिर मंडल ट्रस्ट, मोती बाजार में गुरुवार को प्रथम नवरात्र के अवसर पर विशेष तौर पर ज्वालाजी से लाई गई माता की अखण्ड ज्योत से मां दुर्गा, मां काली एवं मां संतोषी के दरबारों के सम्मुख सभी मनोकामनाओं को पूर्ण करने वाली, सैकड़ों अखंड ज्योतें प्रज्वलित की गई, जो नवमी तक जलती रहेंगी। सभी ज्योतें दिन-रात अखंड जलती रहें, इसके लिए मंदिर ट्रस्ट ने दिन व रात के लिए अलग-अलग ब्राह्मणों की व्यवस्था की है। अखंड ज्योतों के प्रज्वलन के बाद मां भगवती की मंगल आरती करके भोग लगाया गया। पूरा मंदिर माता के जयकारों से गूंज उठा।

#### दुर्गा सप्तशती पाठ का शुभारंभ किया

मंदिर के प्रधान रमेश कुमार लोहिया व महासचिव अनूप गुप्ता ने बताया कि आज से मंदिर के पुजारी पंडित राजेश शास्त्री के सान्निध्य में विद्वान ब्राह्मणों द्वारा मां दुर्गा सप्तशती पाठ का भी शुभारंभ किया गया, जिनका 26 मार्च को श्रीदुर्गा अष्टमी पर्व पर हवन-आरती, कन्या पूजन व प्रसाद वितरण के साथ समापन होगा। इस मौके पर सज्जन गुप्ता, अमित गुप्ता, महेन्द्र कुमार बंसल, सुदेश सोनी आदि रहे।

### नवरात्रि केवल एक पर्व नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि का श्रेष्ठ अवसर : स्वामी लोकेशवरानंद



**हांसी।** हिसार रोड स्थित ज्ञानानन्द मिशन में गुरुवार को नौ दिवसीय वासंतिक नवरात्र महोत्सव का अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ शुभारंभ हुआ। ब्रह्मलीन स्वामी ज्ञानानंद महाराज की प्रेरणा से तथा स्वामी लोकेशवरानंद पुरी महाराज के पावन सान्निध्य में आयोजित इस दिव्य कार्यक्रम का शुभारंभ अनेकोनेक ज्योत प्रज्वलन एवं विधिवत कलश स्थापना के साथ किया गया। इस अवसर पर स्वामी लोकेशवरानंद पुरी महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को हिंदू नववर्ष विक्रमी संवत 2083 एवं नवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नवरात्रि केवल एक पर्व नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि, साधना और शक्ति उपासना का श्रेष्ठ अवसर है।

## भारतीय नववर्ष का विशेष महत्व

- हकृवि में भारतीय नववर्ष 2026 के शुभारंभ पर महायज्ञ एवं सत्संग आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार


**हिसार।** हवन में आहुति देते कुलपति प्रो. बलदेव राज कम्बोज एवं अन्य।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में भारतीय नववर्ष 2026 के पावन अवसर पर महायज्ञ एवं सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा स्वदेशी जागरण मंच के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि रहे जबकि आरएसएस के विभाग संघ चालक पवन जिंदल विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। इस अवसर पर कैंपस स्कूल की निदेशिका संतोष कुमारी भी मौजूद रही। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय नववर्ष परंपरागत रूप से नई शुरुआत, प्रकृति के नवजीवन और सांस्कृतिक चेतना के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। इसके पीछे धार्मिक, ऐतिहासिक और वैज्ञानिक कारण हैं। आरएसएस के विभाग संघ चालक पवन जिंदल ने नववर्ष के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व हमारी प्राचीन संस्कृति, प्रकृति के साथ सामंजस्य एवं नवचेतना का प्रतीक है।

### ट्रकों की बैटरियां चोरी करने वाला काबू

**बरवाला।** पुलिस ने ट्रकों की बैटरियां चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान वार्ड 2 निवासी साहिल के रूप में हुई है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताय कि इस संबंध में गत 16 मार्च को अग्रोहा थाना क्षेत्र में स्थित एक होटल के पास खड़ी पांच ट्रकों गाड़ियों की 10 बैटरियां चोरी कर ली गई थी। पुलिस ने केस दर्ज करके जांच पड़ताल करते हुए बरवाला के वार्ड 2 निवासी साहिल को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने ट्रकों की बैटरियां चोरी करने की वारदात स्वीकार। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 4 बैटरी बरामद की है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## वर्ष प्रतिपदा आत्ममंथन का अवसर

- गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय में नव संवत्सर पर मंगल यज्ञ, पौधरोपण एवं प्रसादी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार


**हिसार।** हवन यज्ञ में उपस्थित मुख्य यजमान एवं मुख्यातिथि कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई व अन्य अतिथिगण।

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा है कि वर्ष प्रतिपदा भारतीय संस्कृति में नवचेतना, नवसंकल्प और नवसृजन का प्रतीक है। यह पर्व केवल पंचांग के अनुसार नववर्ष का प्रारंभ नहीं, बल्कि आत्ममंथन, सकारात्मक परिवर्तन और जीवन मूल्यों के पुनर्संवर्धन का अवसर भी है। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई भारतीय नववर्ष वर्ष प्रतिपदा के पावन अवसर पर विश्वविद्यालय के गुरु जम्भेश्वर जी महाराज धार्मिक अध्ययन संस्थान में आध्यात्मिक मंगल यज्ञ के आयोजन के अवसर पर मुख्य यजमान एवं मुख्य अतिथि के तौर पर अपना सम्बोधन दे रहे थे। इस अवसर विवि की प्रथम महिला डॉ. वंदना बिश्नोई उपस्थित रही।

#### समाज और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं

आयोजन संस्थान के विभागाध्यक्ष प्रो. किशनाराम बिश्नोई के कुशल निर्देशन में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। यज्ञ का विधिवत संयोजन नेकीराम द्वारा किया गया तथा संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वय सहायक प्रोफेसर डॉ. रामस्वरूप द्वारा किया गया। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों से आह्वान किया कि वे भारतीय ज्ञान परंपरा के मूल्यों को आत्मसात करते हुए समाज और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं।

## गुजवि ने नए रोजगारपरक कोर्स शुरू किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार


**हिसार।** गुजवि में बैठक की अध्यक्षता करते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई।

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में गुरुवार को शैक्षणिक परिषद की 65वीं व वित्तीय समिति की 37वीं बैठक सम्पन्न हुई। विश्वविद्यालय के कुलपति कार्यालय के कमेटी हॉल में ऑनलाइन तथा ऑफलाइन माध्यम से हुई बैठकों की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने की। संचालन विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विजय कुमार ने किया। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने दोनों ही बैठकों में सदस्यों को विश्वविद्यालय की हाल ही में मिली राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग बताई तथा कहा कि गुजवि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान को लगातार मजबूत कर रहा है। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय ने नए रोजगारपरक कोर्स शुरू किए हैं, जिन्हें राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 तथा बाजार की मांग के अनुरूप तैयार किया गया है। इन कोर्सों के प्रति विद्यार्थियों में जबरदस्त उत्साह है। शैक्षणिक परिषद की बैठक में विभिन्न विषयों के कोर्सों से संबंधित स्कीम व सिलेबस अनुमोदित किए गए। साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत यूजी तथा पीजी कोर्सों से संबंधित इंटर्नशिप के दिशानिर्देश भी अनुमोदित किए गए।

#### गुजवि के बजट का ब्यौरा प्रस्तुत किया

वित्तीय समिति की बैठक में 2024-25 की वार्षिक लेखा-जोखा रिपोर्ट तथा बैलेंस शीट प्रस्तुत की गई। साथ ही 2020-21 से 2022-23 की वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गई। बैठक में वर्ष 2026-27 के संभावित बजट तथा अतिरिक्त बजट का ब्यौरा भी अनुमोदित किया गया, जिसे कोर्ट व कार्यकारी परिषद में पारित किया जाएगा।

प्रदर्शनी | विद्यार्थी अपनी जड़ों व विरासत को समझें : डॉ. बाजिया

## डीएन कॉलेज में लगाई दुर्लभ वस्तुओं की प्रदर्शनी

- इतिहास विभाग की वार्षिक प्रदर्शनी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार


**हिसार।** प्रदर्शनी का अवलोकन करते मुख्य अतिथि डॉ. सुरेंद्र कुमार बाजिया व अन्य।

दयानन्द महाविद्यालय के इतिहास विभाग के तत्वाधान में गुरुवार को वार्षिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी की विषय वस्तु दुर्लभ पुरावेषः विरासत.ए.जमीन, भारतीय इतिहास के सन्दर्भ में रखा गया। प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारत की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक व कलात्मक संस्कृति से अवगत कराना रहा। इस अवसर पर छाजूराम जाट महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र कुमार बाजिया मुख्य अतिथि तथा इंटक हरियाणा से सुमिता तायल विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। मुख्य अतिथि डॉ. सुरेन्द्र कुमार बाजिया ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि यह समय की मांग है कि हम अपनी जड़ों व विरासत को समझे। समय के साथ अपने विश्व और पढ़ाई को और रूचिकर बनाएं, क्योंकि इस तरह की प्रर्दशनी समाज व शिक्षा व्यवस्था को सार्थक दिशा दे सकमी है। इससे पूर्व कॉलेज की कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. यशुराय तायल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर इंटक हिसार की प्रभारी परनीता सिंह, पुरातत्व विभाग हरियाणा हैरिटेज सलाहकार विनीत बनवाला कुमार, आजाद दुहन के अलावा डॉ. आदित्य, डॉ. हेमंत शर्मा, डॉ. सुमंगला वशिष्ठ, डॉ. संगीता मलिक, डॉ. छवि मंगला, संदीप कुमार, सुमित कुमार आदि मौजूद थे।

#### प्रदर्शनी में यह रखी मुख्य वस्तुएं

डॉ. महेन्द्र सिंह प्रोफेसर एवं अध्यक्ष इतिहास विभाग ने पुरावेषों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इनमें हड़प्पा सभ्यता से सम्बन्धित प्लेट, बर्तन, खिलौने, श्रृंगार की वस्तुएं व ईंटों मुख्य रही। इसके बाद वैदिक काल के घूसर मृदभांड (पीजीडब्ल्यू) के बर्तन, गुप्त काल की मूर्तिया तथा इसके बाद पूर्व मध्यकाल व मध्यकाल की चीजें प्रदर्शित की। युनानी सिक्के, प्रथम विश्व युद्ध के मैडल, समुद्री युद्ध में प्रयोग होने वाली दूरबीन, युद्धकाल का उपहार में दिया डिब्बा, हरियाणा की संस्कृति से संबन्धित झेरना ढोल , कृषि उपकरण, वस्त्र, श्रृंगार की वस्तुएं इत्यादि प्रदर्शित की गई तथा उनके बारे में बताया गया।

## खबर संक्षेप

### टीबी के 20 मरीजों को दी प्रोटीन की पांचवीं डाइट

**हिसार।** रोटरी सैंट्रल की ओर से पटेल नगर स्थित धर्मशाला में टीबी के 20 मरीजों को प्रोटीन की पांचवीं डाइट दी गई। रोटरी सैंट्रल के प्रधान सुनील मलिक ने बताया कि क्लब द्वारा इन 20 मरीजों को गोद लिया गया है जिन्हें 6 महीने के लिए प्रोटीन डाइट उपलब्ध करवाकर उन्हें टीबी के इलाज में उनका सहयोग किया जा रहा है। इसमें हरियाणा सरकार एवं टीबी अस्पताल हिसार द्वारा भी मरीजों के पूरी मदद रहती है।

### कांग्रेस आपसी कलह की पार्टी : मलिक

**हिसार।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात के हिसार लोकसभा अध्यक्ष मनदीप मलिक ने कहा है कि राज्यसभा चुनाव से कांग्रेस की पोल खुल चुकी है। खुद कांग्रेस के विधायक अपने नेतृत्व पर ही भरोसा नहीं कर रहे हैं, इसीलिए कई वोट इधर से उधर हो गए। मनदीप मलिक ने कहा कि कांग्रेस की फूट खुल कर सामने आ गई है और इल्ज़ाम बीजेपी पर लगा रही है। स्वयं भूपेंद्र हुड्डा साबित करें कि उन्होंने खुद कांग्रेस की वोट दी है। दीपेंद्र हुड्डा बताएं कि उनके पिता ने किसको वोट दिया है।

### वार्ड 7 की सड़क को किया दुरूस्त

**हिसार।** कुछ दिनों पहले वार्ड नंबर 7 में गलियों के निर्माण का कार्य पूरा किया गया था, जिससे स्थानीय निवासियों को आवागमन में काफी सुविधा मिली। हालांकि, निर्माण कार्य के बाद गली नंबर 7 से 10 के बीच की सड़क धंसने की सूचना मिली। कार्यकारी अभियंता जयबीर डूडी ने बताया कि जैसे ही सड़क धंसने की सूचना प्राप्त हुई, नगर निगम की टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।

### पार्क में सुविधाएं दुरुस्त झूले व उपकरण किए ठीक

**हिसार।** आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पार्कों में ओपन जिम, बच्चों के खेलने के लिए झूले और अन्य उपकरण लगाए गए हैं, जिससे लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। इसी कड़ी में मधुबन पार्क से कुछ झूलों की छतरी और अन्य उपकरणों के टूटने की सूचना प्राप्त हुई थी। इस पर तुरंत संज्ञान लेते हुए नगर निगम ने आवश्यक कार्रवाई शुरू की।

### महिला संचालित नशा मुक्ति केंद्र का शुभारंभ

**हिसार।** फर्स्ट वुमन सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा बालसमंद तहसील के गांव बांडाहेड़ी में महिला संचालित नशा मुक्ति केंद्र का शुभारंभ हवन-यज्ञ के साथ किया गया। संस्था द्वारा समाज को नशा मुक्त बनाने और युवाओं को मुख्यधारा से जोडऩे की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष सुमन कुमारी ने दीप प्रज्वलित कर केंद्र का उद्घाटन किया।

### जिला लोक संपर्क एवं जन परिवाद समिति की बैठक आज

**हिसार।** जिला लोक सम्पर्क एवं जनपरिवाद समिति की बैठक लघु सचिवालय परिसर स्थित जिला सभागार में शुक्रवार, 20 मार्च को सुबह आयोजित की जाएगी। नगराधीश हरिराम ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार करेंगे। बैठक में गत बैठकों के लंबित परिवाद के अलावा हाल ही में आमजन द्वारा दिए गए परिवादों को भी रखा जाएगा। बैठक में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे।

### कैबिनेट मंत्री 23 को करेंगे पुस्तकालय का शिलान्यास

**हिसार।** प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी 23 मार्च को जिले के गांव कुलेरी के दौरे पर रहेंगे। एक प्रवक्ता ने बताया कि दौरे कार्यक्रम के अनुसार कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी सुबह गांव कुलेरी में पहुंचकर सेठ जियालाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में भगवान वाल्मीकि लाइब्रेरी के निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास करेंगे। कार्यक्रम में आबकारी एवं कराधान विभाग के संयुक्त आयुक्त कृष्ण, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं गांव कुलेरी के गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहेंगे।

---

### सीटीएम ने निगम अधिकारियों को दिए कार्रवाई के निर्देश

# सड़क निर्माण के बाद नहीं उठाई मिट्टी समाधान शिविर में पहुंचा मामला

*समाधान शिविर में प्रशासनिक अधिकारियों ने सुनी जनसमस्याएं*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। समाधान शिविर में जनसमस्याएं सुनते नगराधीश हरिराम।



हिसार। समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते एसडीएम राजेश खोथ।

लघु सचिवालय स्थित जिला सभागार में गुरुवार को नगराधीश हरिराम ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समाधान शिविर में आमजन की समस्याएं सुनीं। समाधान शिविर में बिजली, पानी, सीवरेज, परिवार पहचान पत्र व अन्य विषयों से संबंधित शिकायतों की सुनवाई करते हुए उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके निवारण के लिए तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए।

समाधान शिविर में एक अन्य प्रार्थी द्वारा आठ मरला कॉलोनी के निवासियों द्वारा सड़क निर्माण के बाद मिट्टी उठाने तथा सेक्टर 17 में बरसाती ड्रेनेज मेन हॉल को कवर करने संबंधी शिकायत पर नगराधीश ने नगर निगम के अधिकारियों को मामले की जांच कर आगामी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सुंदर नगर मार्केट के निवासियों द्वारा सीवरेज व पीने के पानी की पाइप लाइन बिछवाने की मांग पर नगराधीश ने जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को मौका मुआयना कर समस्या के समाधान को लेकर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एक अन्य प्रार्थी द्वारा गांव न्योली कलां से जाखोद खेड़ा रोड़ के चौड़ीकरण में बाधा बने पेड़ों व झाड़ियों को हटवाने की मांग पर नगराधीश ने वन विभाग के अधिकारियों को आगामी कार्रवाई करने को कहा।

#### मैटेरियल की जांच की मांग

गांव सीसवाल से कोहली रोड़ के चौड़ीकरण के दौरान उपयोग किए गए मैटेरियल की जांच व रोड़ के दोनों तरफ हो रहे भूमि कटाव को रोकने संबंधी शिकायत पर नगराधीश हरिराम ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को मामले की जांच कर आगामी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### हिट एंड रन मामलों के प्रस्ताव सरकार को भेजे, जल्द लाभार्थियों के खातों में डाली जाएगी राशि

**हांसी।** एसडीएम राजेश खोथ ने कहा कि प्रशासन की पहली प्राथमिकता जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान कर उन्हें अधिक से अधिक सुविधाएं उपलब्ध करवाना है। उन्होंने बताया कि हिट एंड रन से संबंधित सभी मामलों के प्रस्ताव सरकार को भेजे जा चुके हैं और जल्द ही संबंधित लाभार्थियों के बैंक खातों में सहायता राशि जमा करवा दी जाएगी। एसडीएम राजेश खोथ गुरुवार को जिला सचिवालय परिसर में आयोजित समाधान शिविर में जन समस्याएं सुन रहे थे। इस दौरान उन्होंने बताया कि हिट एंड रन पॉलिसी के तहत दुर्घटना में मृत्यु होने पर 2 लाख रुपये तथा घायल होने पर 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जाती है। समाधान शिविर में विकास नगर के एक निवासी ने मकान के पास स्थित बरगद के पेड़ को हटवाने को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि पेड़ से मकान को नुकसान पहुंच रहा है। इस पर एसडीएम ने मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर परिषद व वन विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर तुरंत उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के सेक्टर-6 से अनाज मंडी तक जाने वाली सड़क की लाइटिंग व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। जींद चुंगी के निकट निर्माणाधीन शौचालय की लोकेशन बदलने के संबंध में भी संबंधित विभाग को आवश्यक निर्देश दिए गए। शिविर में ढाणी ठाकरिया निवासी रामनिवास द्वारा शादी के लिए गैस सिलेंडरों की आवश्यकता जताने पर एसडीएम ने खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को तुरंत गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। शिविर में जगदीश कॉलोनी व मुल्तान नगर में मुख्य सड़क से अवैध कब्जे हटवाने तथा गंदे पानी की निकासी को लेकर प्राप्त शिकायतों पर एसडीएम ने संबंधित विभागों को मौके का निरीक्षण कर शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर तहसीलदार डॉ. अनिल कुमार, नायब तहसीलदार सुरेश कुमार, सहायक संतोष गिल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

---

*आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा*

## फेसबुक आईडी पर दोस्त की फोटो लगा 1.70 लाख रुपये ठगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी



हांसी। फेसबुक आईडी पर दोस्त की फोटो लगा धोखाधड़ी करने वाले दो आरोपी पुलिस गिरफ्त में। फोटो :हरिभूमि

जिला पुलिस द्वारा साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान फेसबुक मैसेंजर पर दोस्त की फोटो लगा कर 1.70 लाख की ठगी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद निवासी पवन कुमार व राहुल के रूप में हुई है।

एसआई अनिल कुमार ने बताया कि कुछ दिन पूर्व अमित ने साइबर थाना में शिकायत दी कि उसका दोस्त सुनील कनाडा में रहता है, और उसकी फेसबुक आईडी से मैसेंजर पर संदेश आया कि उसका वीजा समाप्त होने वाला है और उसके तत्काल नवीनीकरण के लिए रुपयों की सख्त आवश्यकता है। साथ ही मैसेज में कहा गया था कि उसकी फोन आईडी ब्लॉक हो गई है, इसलिए वह कॉल नहीं कर सकता। अमित ने बताया कि उसने फेसबुक संदेश पर विश्वास करते हुए दिए गए बारकोड पर ऑनलाइन माध्यम से अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए 1.70 लाख रुपये भेज दिए। लेकिन उसके बाद भी आरोपितों द्वारा और रुपये की मांग की गई, तो उसे ठगी का एहसास हुआ और उसने तुरंत साइबर हैल्प लाइन 1930 पर शिकायत दर्ज करवाई थी। जांच अधिकारी ने बताया कि शिकायत के आधार पर साइबर थाना में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर तकनीकी विश्लेषण व सूचना के आधार पर आरोपियों को गिरफ्तार कर बरामदगी की। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपियों से पूछताछ उपरांत उन्हें अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### नरेश ढुल बने स्काउट एंड गाइड हांसी जिला प्रभारी

*हांसी। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वीरवार को हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड हरियाणा की जिला सचिव अमरजीत सिंह पानू की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मीटिंग आयोजित की गई। मीटिंग में जिला हांसी की हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड हरियाणा की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें जिला सचिव का जिला कोषाध्यक्ष दीपक जांगड़ा ने पूर्ण सहयोग किया कार्यकारिणी के सदस्यों में स्काउट विंग के लिए एनएसजी स्कूल मदनहेड़ी के नरेश ढुल को प्रभारी बनाया गया इनके साथ कर्मवीर सिंह आरडीएम पब्लिक स्कूल मिर्चपुर, रवि यादव राजकीय महाविद्यालय हांसी को सदस्य के रूप में शामिल किया गया। वहीं बाबा बंदा बहादुर पब्लिक स्कूल की प्राचार्या लवली चावला को गाइड विंग की ओर से प्रभारी का कार्यभार दिया गया इनके साथ ज्योति गिल सरस्वती स्कूल कोथ की ज्योति गिल, कुमारी रेनू पीसीएसडी स्कूल की कुमारी रेनू, श्री काली देवी विद्या मंदिर की प्रोमिला देवी और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सोरखी कोकिला यादव को महिला सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया।*

---

## ट्रैवलर बस में एक करोड़ से अधिक की चांदी चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

ट्रैवलर बस में अग्रोहा के रहने वाले एक ज्वेलर्स की एक करोड़ रुपये से अधिक कीमत की चांदी चोरी हो गई। मामला गुरुवार सुबह का है। ज्वेलर्स का नौकर मथुरा से करीब 40 किलोग्राम चांदी बस में रखकर अग्रोहा आ रहा था कि चांदी से भरा बैग चोरी हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में अग्रोहा निवासी रविंद्र सोनी ने बताया कि फतेहाबाद में उसकी देव पायल के नाम से चांदी के सामान की दुकान है। उसका कारिंदा राजेश शर्मा निवासी मथुरा को 18 मार्च को चांदी का कच्चा माल व आभूषण लेने के लिए मथुरा भेजा था। राजेश शर्मा वहां से मिशखा इंटरप्राइज और श्रीनाथ ज्वेलर्स से 40 किलोग्राम चांदी का सामान लेकर 18 मार्च की रात्रि को विजय ट्रैवलर की बस में सवार होकर फतेहाबाद आ रहा था। शिकायतकर्ता के अनुसार गुरुवार सुबह राजेश शर्मा ने फोन पर सूचना दी कि चांदी से भरा बैग चोरी हो गया है। इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी और वह भी मौके पर पहुंच गया। बस अग्रोहा मेडिकल कॉलेज के सामने खड़ी मिली। शिकायतकर्ता को राजेश शर्मा ने बताया कि बस अग्रोहा में पेट्रोल भरवाने के लिए रूकी थी तो वह उसी पंप पर लघु शंका के गया था। वापस आया तो चांदी से भरा बैग गायब था। पुलिस आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी है।

### छात्रों के लिए फ्रीलांसिंग अवसर पर कार्यशाला आयोजित



हिसार। कार्यशाला में उपस्थित अतिथिगण व कॉलेज स्टाफ।

**हिसार।** छाजूराम मैमोरियल जाट कॉलेज के व्यक्तित्व एवं पेशेवर विकास क्लब राइज के तत्वावधान में विद्यार्थियों के लिए फ्रीलांसिंग अवसर विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। राइज क्लब के संयोजक डॉ परविंद्र ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कौशल के माध्यम से फ्रीलांसिंग से जोड़ना रहा। कार्यशाला में टैकीट्यूट संस्थान के संचालक आकाशदीप शर्मा एवं विकास शर्मा ने विशेषज्ञों की भूमिका निभाई। उन्होंने विद्यार्थियों को फ्रीलांसिंग प्लेटफॉर्म्स पर पंजीकरण करने तथा प्रोजेक्ट अर्जित करने संबंधी जानकारी प्रदान की। कार्यशाला में विद्यार्थियों ने विशेष दिलचस्पी दिखाई तथा फ्रीलांसिंग से जुड़े पहलुओं को सीखा। प्राचार्य डॉ सुरेन्द्र कुमार बाजिया ने कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए राइज क्लब टीम को बधाई दी। कार्यशाला का आयोजन क्लब के एक्टिविटी कोऑर्डिनेटर डॉ. चेतना ढुल, डॉ. मोनिका एवं डॉ. सुशील बजाज के मार्गदर्शन में हुआ।

## गुजवि के शोधकर्ताओं को अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में मिला बेस्ट पेपर पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। बेस्ट पेपर अवार्ड हासिल करने वाले शोधार्थियों को बधाई देते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई। फोटो :हरिभूमि

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अनुप्रयुक्त मनोविज्ञान विभाग के शोधकर्ताओं ने अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में 'प्रो. प्रतिभा सिंह बेस्ट पेपर अवार्ड' हासिल करके विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। यह पुरस्कार 'वर्कप्लेस डायनेमिक्सः इंडिविजुअल्स एंड ऑर्गनाइजेशन्स' विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन तथा 5वें इंडियन कांग्रेस ऑफ इंडस्ट्रियल एंड ऑर्गेनाइजेशनल साइकोलॉजी के दौरान 11 से 13 मार्च को हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ में प्रदान किया गया। इस सम्मेलन का आयोजन स्कूल ऑफ ह्यूमैनिटीज एंड सोशल साइंसेज द्वारा स्कूल ऑफ बिजनेस एंड मैनेजमेंट स्टडीज के सहयोग से तथा सोसायटी ऑफ इंडस्ट्रियल एंड ऑर्गेनाइजेशनल साइकोलॉजी के साथ मिलकर किया गया। यह पुरस्कार गुजवि के अनुप्रयुक्त मनोविज्ञान विभाग की शोधार्थी कलश शर्मा, सहायक प्रोफेसर डॉ. स्नेहा मित्तल और एसोसिएट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. संजय परमार को उनके उत्कृष्ट शोध पत्र के लिए प्रदान किया गया।

---



नारनौंद। कॉलेज में छात्रों को कैरियर के बारे में जागरूक करते हुई मनीषा सोनी।

### छात्रों को करियर के बारे में किया जागरूक

**नारनौंद।** राजकीय महाविद्यालय के प्लेसमेंट सेल द्वारा एम्पावरिंग फ्यूचर्स अनलॉकिंग करियर अपॉर्च्युनिटीज एंड मास्टरिंग जॉब विनिंग स्किल्स पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को जॉब फेयर के बारे में जानकारी देना, समकालीन कैरियर अवसरों से अवगत कराना तथा उन्हें रोजगारोन्मुखी कौशलों से सुसज्जित करना था। कार्यशाला की मुख्य वक्ता, ओम स्टर्लिंग ग्लोबल यूनिवर्सिटी में सहायक प्राध्यापक मनीषा सोनी रहीं। अपने उद्बोधन में उन्होंने वर्तमान प्रतिस्पर्धी परिवेश में कैरियर निर्माण की चुनौतियों और संभावनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को साक्षात्कार की तैयारी से संबंधित महत्वपूर्ण बिन्दुओं जैसे बॉडी लैंग्वेज, प्रस्तुतिकरण, कौशल विकास, कम्युनिकेशन स्किल्स, पर्सनालिटी डेवलपमेंट तथा पेशेवर व्यवहार के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के सफल संचालन में प्लेसमेंट कमेटी की सदस्य कुमारी सोनिया नवल, डॉ सुचेता, डॉ नैना एवं डॉ निशा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## पश्चिमी विक्षोभ से हो रही बरसात, तापमान में गिरावट

- अधिकतम तापमान 23.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज, सामान्य से करीब 8 डिग्री सेल्सियस कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



जिले के विभिन्न क्षेत्रों में गुरुवार को दूसरे दिन भी हल्की बरसात होती रही। लगातार बादलवाई व बूंदाबांदी से तापमान में लगभग 10 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आई है। मार्च के महीने में सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ से बदले मौसम में कंपकंपी छूटने लगी है। बारिश के चलते सरसों की कटाई प्रभावित हुई है। बारिश के कारण गेहूं के खेतों में मिट्टी गिली हो गई है, ऐसे में तेज हवा चलती है तो गेहूं की फसल बिछने का खतरा पैदा हो गया है। जिलेभर में दूसरे दिन भी रूक-रूककर बूंदाबांदी व हल्की बरसात हुई। सुबह करीब 9 बजे से शाम 7 बजे तक रुक-रुककर बारिश हुई, जिसके चलते तापमान में बड़ी गिरावट दर्ज की गई है।

#### 22 तक परिवर्तनशील रहेगा मौसम

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौसम विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ का कहना है कि राज्य में 22 मार्च तक मौसम आमतौर पर परिवर्तनशील रहने की संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव से 18 मार्च रात्रि से राज्य के मौसम में बदलाव आए बदलवा के बाद 21 मार्च तक आंशिक बादल तथा हल्की से मध्यम गति से हवाएं चलने तथा कहीं कहीं गरज-चमक के साथ बूंदाबांदी या हल्की बारिश होने की संभावना है।

### एफसी कॉलेज की छात्राओं का शानदार प्रदर्शन

**हिसार।** फतेहचन्द महिला महाविद्यालय की एमए इतिहास की तृतीय सेमेस्टर की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के शीर्ष 12 स्थान फतेहचन्द महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने प्राप्त किए। इसमें मोनिका ने प्रथम (77 फीसद), प्रगति ने द्वितीय (76.1 फीसद), निशा ने तृतीय (75.5 फीसद), वैलिस ने चतुर्थ (74 फीसद), मंजु ने पंचम (72.7 फीसद), भतेरी ने छठा (70.2 फीसद), चंचल ने 7वां (70 फीसद), प्रियंका ने 8वां (69.5 फीसद), निकिता ने 9वां (68.1 फीसद), पिंकी ने दसवां (68 फीसद), मोनिका ने 11वां (67.2 फीसद) और नेहा ने (63.3 फीसद) अंक के साथ 12वां स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनीता सहरावत ने सभी प्राध्यापकगणों, छात्राओं और अभिभावकों को बधाई दी।

### श्री काली देवी विद्या मंदिर के छात्र का लगातार दूसरी बार चयन



हांसी। मान्विक अपने प्रोजेक्ट के साथ

**हांसी।** श्री काली देवी विद्या मंदिर के मेधावी छात्र मान्विक का चयन लगातार दूसरे वर्ष भी प्रतिष्ठित इंस्पायर अवार्ड मानक स्कीम के अंतर्गत प्रोजेक्ट निर्माण के लिए हुआ है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए उन्हें 10 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की गई है। मान्विक ने आईटीबीएएस (इनबिल्ट टायर टाइप बैलेंसिंग एनालायसिंग सिस्टम फॉर कार्स) विषय पर एक अभिनव परियोजना प्रस्तुत की है। यह परियोजना वाहनों के टायर और सड़क के बीच संपर्क तथा संतुलन का वैज्ञानिक विश्लेषण करती है। प्रस्तावित प्रणाली में उन्नत सेंसर लगाए गए हैं, जो टायर के लोड और बैलेंस की निरंतर निगरानी करते हैं तथा किसी भी असंतुलन की स्थिति में चालक को तुरंत सूचना प्रदान करते हैं। इस नवाचार से सड़क सुरक्षा में वृद्धि, ईंधन की दक्षता में सुधार तथा टायर की आयु बढ़ने की संभावना है। साथ ही, यह पर्यावरण प्रदूषण को कम करने में भी सहायक सिद्ध हो सकता है। विद्यालय प्राचार्या गीता मेहता ने छात्र मान्विक को इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

---

### खुश गोयल का आईआईएम बैंगलोर में चयन

**हिसार।** महारानी लक्ष्मीबाई त्रिलोकचंद स्कूल के होनहार छात्र खुश गोयल ने अपनी मेहनत और प्रतिभा के दम पर एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए देश के प्रतिष्ठित संस्थान आईआईएम बैंगलोर के इंटीग्रेटेड प्रोग्राम इन मैनेजमेंट में चयन प्राप्त किया है। खुश गोयल ने प्रवेश परीक्षा में 99.21 पर्सेंटाइल प्राप्त कर अपनी उत्कृष्ट योग्यता का शानदार प्रदर्शन किया। आईआईएम बैंगलोर देश के शीर्ष प्रबंधन संस्थानों में दूसरे स्थान पर माना जाता है। खुश गोयल की इस सफलता के पीछे उनकी निरंतर मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति स्पष्ट दृष्टिकोण रहा। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. सरिता शर्मा व निदेशक डॉ. अजीज प्रधान ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता पूरे विद्यालय और क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है।



हिसार। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली माताएं तथा विभाग की अधिकारी।

### रेशा बानो को मिला सर्वोत्तम माता का खिताब

**हिसार।** महिला एवं बाल विकास विभाग हिसार प्रथम द्वारा सर्वोत्तम माता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सीडीपीओ सत्यबाला नान्दल की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में ब्लॉक स्तर की जागरूक माताओं ने उत्साह से भाग लिया। प्रतियोगिता के परिणाम की जानकारी देते हुए सत्यबाला नान्दल ने बताया कि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच रेशा बानो खरकड़ी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर सर्वोत्तम माता का खिताब प्राप्त किया। वहीं खरड़ की रेणु ने द्वितीय और लाडवा की सन्तोष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में सीडीपीओ नान्दल ने कहा कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य गर्भावस्था से लेकर 6 वर्ष तक के बच्चों की उचित देखभाल, पोषण और उनके सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना है। उन्होंने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, अपनी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए आंगनबाड़ी वर्कर्स और माताओं को समाज निर्माण योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में सर्कल सुपरवाइजर सबीना, मनीषा, अनिता शर्मा ने विशेष सहयोग दिया। इस मौके पर सीडीपीओ कार्यालय से पीओआईसी सुनीता यादव ने महिलाओं को जानकारी देकर लाभान्वित किया।

### 15 दिन का अल्टीमेटम दिया, नहीं तो लगाएंगे पक्का मोर्चा

## बीमा क्लेम की मांग पर लघु सचिवालय पर किसानों का धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। लघु सचिवालय के समक्ष धरने पर बैठे किसान। फोटो :हरिभूमि

फसल खराबी व बीमा क्लेम की मांग पर पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति के बैनर तले लघु सचिवालय के गेट पर किसानों ने धरना दिया। धरने की अध्यक्षता जिला प्रधान सतीश बेनीवाल ने की, जबकि मंच संचालन जिला सचिव गोपाल ओड नंगथला ने किया। किसानों ने बताया कि वर्ष 2025 में अत्यधिक बारिश के कारण फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई थीं, लेकिन अभी तक एचडीएफसी बीमा कंपनी द्वारा किसानों के खातों में नाममात्र का ही क्लेम डाला गया है। इसी तरह सरकार द्वारा दिया गया मुआवजा भी ऊंट के मुंह में जीरा साबित हो रहा है। इस अवसर पर राज्य प्रधान मनदीप सिंह नथवान ने कहा कि सरकार किसानों के नाम पर नीतियां तो बना रही है, लेकिन ये नीतियां किसानों को राहत देने के बजाय उन्हें आर्थिक रूप से कमजोर कर रही हैं। प्रदेश महासचिव संदीप सिवाच ने बताया कि हिसार जिले के किसानों का वर्ष 2022 का बीमा क्लेम भी अब तक लंबित है, जिसे तुरंत जारी किया जाना चाहिए।

#### किसानों ने दी चेतावनी

*प्रशासन के साथ हुई बातचीत पर किसानों ने असंतोष जताया और चेतावनी दी कि यदि 15 दिनों के भीतर बीमा क्लेम किसानों के खातों में नहीं डाला गया, तो गेहूं कटाई के बाद लघु सचिवालय के दोनों गेट बंद कर पक्का मोर्चा लगाया जाएगा। धरने में विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।*